Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-** 17 **Issue-** 33
Ghaziabad, Sunday, 11 January- 2026
11 January- 2026 to 17 January - 2026
**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 8



# राम मंदिर के 15 किमी0 दायरे में नॉनवेज पर लगा प्रतिबंध, प्रशासन का सख्त एक्शन

**टीबीसी संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या प्रशासन ने शुक्रवार को राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी खाद्य पदार्थों की डिलीवरी पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने बताया कि 'पंचकोसी परिक्रमा' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म द्वारा मांसाहारी भोजन की आपूर्ति के संबंध में बार-बार मिली शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कुछ होटलों और होमस्टे में मेहमानों को मांसाहारी भोजन और मादक पेय पदार्थ परोसे जा रहे थे, जिसके चलते अधिकारियों ने ऐसे प्रतिष्ठानों को सख्त चेतावनी जारी कर इस तरह की गतिविधियों से बचने का निर्देश दिया है।




अयोध्या के खाद्य आयुक्त माणिक चंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या धाम के होटलों और रेस्तरां में मांसाहारी भोजन परोसने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन डिलीवरी जारी थी। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इन क्षेत्रों में मांस न तो परोसा जाए और न ही ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से डिलीवर किया जाए। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि होटलों से जुड़े डिलीवरी प्लेटफार्म नियमों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या नगर निगम ने मई 2025 में अयोध्या और फैजाबाद को जोड़ने वाले 14 किलोमीटर लंबे राम पथ पर शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था, लेकिन नौ महीनों में भी इस प्रतिबंध का ठीक से पालन नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर दो दर्जन से अधिक दुकानें शराब बेच रही हैं।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गौतमबुद्धनगर में पोषण पोटली वितरण

**टीबीसी संवाददाता**



**गौतमबुद्धनगर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में क्षय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए 20 पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रहम फाउंडेशन, गाजियाबाद के सौजन्य से जिला रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन एवं रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट-3012 के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति, गौतमबुद्धनगर के तत्वावधान में मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई, जिससे उपचार के साथ-साथ पोषण स्तर में भी सुधार हो सके।

रहम फाउंडेशन के संस्थापक एवं चेयरमैन रोटेरियन डॉ. धीरज के. भार्गव ने कहा कि टीबी उन्मूलन तभी संभव है जब उपचार के साथ मरीजों को समुचित पोषण और सामाजिक सहयोग मिले। वहीं फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष रोटेरियन दयानंद शर्मा एवं सचिव रोटेरियन मनीषा भार्गव ने भी भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने का संदेश दिया गया।

# सृष्टि इंस्टीट्यूट ने रेडिसन ब्लू टॉवर, कौशांबी में आयोजित किया न्यू ईयर लकी ड्रॉ 2026

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नववर्ष 2026 के हर्षोल्लासपूर्ण अवसर पर सृष्टि इंस्टीट्यूट फॉर चाइल्ड एंड एडोलसेंट मेंटल हेल्थ द्वारा रेडिसन ब्लू टॉवर, कौशांबी में न्यू ईयर लकी ड्रॉ 2026 का भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्सव, आभार और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट संगम रहा, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक, गणमान्य अतिथि, भागीदार और शुभचिंतक शामिल हुए।

कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. धीरज शाह, प्रिंसिपल, यूसीएमएस दिल्ली उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में के. वी. एस. राव, संरक्षक, सृष्टि एवं पूर्व निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार; शशांक भार्गव, निदेशक संचालन, रेडिसन ब्लू टॉवर, कौशांबी (टाइटल स्पॉन्सर) तथा डॉ. धीरज भार्गव, संस्थापक, आरएचएएम फाउंडेशन और डॉ. प्रोतीश राणा, सहायक प्रोफेसर, यूसीएमएस दिल्ली शामिल रहे।

अतिथियों ने सृष्टि के कार्यों की सराहना करते हुए इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन सृष्टि टीम के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसमें संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. राजीव नंदी, सह-संस्थापक एवं प्रबंध सचिव डॉ. प्रीति नंदी, स्कूल प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. शिवानी









निरवाल तथा केंद्र समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश नायल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में सृष्टि के स्टाफ सदस्यों सुप्रियंका, सुतोशिका, आयुष तथा छात्रों सुसारा, सुहुदा एवं अन्य विद्यार्थियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

इस आयोजन की विशेष बात इसका सशक्त सामाजिक उद्देश्य रहा। लकी ड्रॉ टिकटों से प्राप्त संपूर्ण आय सृष्टि में देखभाल, शिक्षा एवं थेरेपी सेवाएं प्राप्त कर रहे वंचित और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के कल्याण हेतु समर्पित की जाएगी।

संस्था का संदेश – यह लकी ड्रॉ वापस देता है, आपकी किस्मत उम्मीद को फंड करती है – उपस्थित जनसमूह के बीच गहरी छाप छोड़ गया। लकी ड्रॉ के अंतर्गत रेडिसन ब्लू टॉवर, कौशांबी; बारबेक्यू कंपनी; एन. आर. ज्वैलर्स; नयाब कुटूर; विरासा परफ्यूम्स; आकृति आर्ट क्रिएशन; एक्सटैटिक आर्ट; प्रिंस मल्होत्रा; गर्ग स्टोर; डिवाइन गाइडेंस; ब्लू रिबन बेकरी; बेकिंग लव बेकर्स और फीलिंग होममेड चॉकलेट्स सहित अनेक सहयोगी संस्थानों द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रायोजित किए गए।

पुरस्कारों में फूड, फैशन, कला, ज्वेलरी, लाइफस्टाइल और लग्जरी हॉस्पिटैलिटी से जुड़ी विभिन्न श्रेणियाँ शामिल रहीं। सृष्टि के बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को भावनात्मक रूप से और भी विशेष बना दिया, जो संस्था के उद्देश्य और मूल भावना को दशार्ता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में सृष्टि के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का समापन सभी स्पॉन्सर्स, पार्टनर्स, वॉलंटियर्स, छात्रों और समर्थकों को सम्मानित करने एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। सृष्टि ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए न्यू ईयर लकी ड्रॉ सीजन-2 की घोषणा की, जिसमें और अधिक व्यापक एवं प्रभावशाली आयोजन का आश्वासन दिया गया।

# Editorial

## 'Didi's Green File'

Only West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee could do something like this. Numerous past incidents bear witness to her actions and political maneuvering. Perhaps for the first time in independent and democratic India, a major central investigative agency like the Enforcement Directorate (ED) conducted a raid, and the Chief Minister of the state walked away with important files, documents, and other evidence. This is a legal offense, and Mamata is well aware of it. The ED had raided the house and office of Prateek Jain, co-founder of the Indian Political Action Committee (I-PAC). Raids were conducted at six locations in Kolkata and four in Delhi on the same day. When this information reached Chief Minister Mamata Banerjee, it caused a stir, as Prateek Jain is also the head of the ruling Trinamool Congress's IT cell. While I-PAC was founded by Prashant Kishor, he has now formed a political party and started his political career in Bihar, and his candidates have even contested elections. Now, Prateek Jain is the first director of I-PAC. He is also a confidant and election strategist of Mamata, so after receiving the news of the raid, Chief Minister Mamata Banerjee, along with the state's Director General of Police Rajiv Kumar, first went to Prateek's house and then spent three hours at the I-PAC office in the afternoon. When she came out and addressed the media, she was holding a green file. She held the file tightly against her chest. The Chief Minister criticized the central government for the misuse of central investigative agencies before the elections. She used particularly harsh words for Home Minister Amit Shah. Mamata has previously called the Home Minister 'Duryodhana' and 'Dushasana'. Mamata's basic allegation was that the raid was conducted to steal her party's election strategy, candidate details, and booth-wise strategy. Why would the ED raid to find out the political and electoral strategy of any party? This is not its constitutional mandate. The ED investigates money laundering, financial scams, hawala transactions, black money, etc. On average, only 2-3 percent of political cases involve the Enforcement Directorate (ED) intervening, conducting investigations, and filing charge sheets in court. If the ED's conviction rate after raids is extremely low, then accountability should lie with the courts, as it is the courts that determine convictions.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# ROAR Udaipur Hosts Global DJ Aerreo in a Landmark Showcase, Marking Its Arrival as a Cultural Destination



**Udaipur.** Udaipur witnessed a defining cultural moment as ROAR Udaipur hosted internationally acclaimed DJ Aerreo for his first-ever performance in the city. The showcase marked ROARls first large-scale music event since its soft launch on 20th December and firmly positioned the venue as a new-age cultural destination in Udaipur.

Known globally for his genre-blending sound and immersive, high-octane sets, DJ Aerreols debut performance brought a fresh, contemporary music experience to the city. The evening saw a packed house and an electric atmosphere, with audiences responding enthusiastically to the curated soundscape — signalling a growing appetite in Udaipur for thoughtfully curated, global experiences.

Commenting on the event, Mayank Soti, Founder of ROAR, said, “Hosting DJ Aerreo for his first-ever performance in Udaipur was very special for us. From day one, our vision with ROAR has been to build a space that brings thoughtfully curated, world-class experiences to the city while staying true to its spirit and its people. The response we witnessed that night — the energy, the connection, the way the community came together and embraced the music — reassured us that Udaipur is ready for a new, global yet rooted cultural experience. This is just the beginning of what we want to build at ROAR, as a space that grows with the city and its community.”

Envisioned as a space that transitions seamlessly from a relaxed daytime bistro to a vibrant evening lounge, ROARls philosophy came alive during the event. The smooth shift from a calm, conversational ambience to a high-energy atmosphere reflected the venuels intent to offer versatility — a space equally suited for morning coffees, business lunches, social evenings and celebratory nights.

At the heart of ROAR is Mayank Soti, a Udaipur native who returned to his hometown after over two decades outside the city. Formerly the Chief Operating Officer at ECL Finance, Edelweiss Group (till February 2019), Mayank brings with him deep leadership experience along with a strong emotional bond with Udaipur. His return was driven by a desire to create a space that celebrates the cityls legendary hospitality while introducing a refined, global outlook.

Mayank is joined by two young, dynamic partners who bring international expertise to the project. Karan, trained in hospitality in Switzerland with experience at The Ritz-Carlton, Tokyo, adds a refined global hospitality perspective, while Miloni, based out of New York, contributes a deep understanding of culinary craft and contemporary global trends. Together, the trio has shaped ROAR as a space that respects local values while aligning with international standards.

The venuels design language mirrors this philosophy. Organic, raw and thoughtfully contemporary, ROARls interiors draw inspiration from Udaipurls cultural fabric, creating a melange of modern aesthetics rooted in the cityls heritage. The focus is on authenticity — a space that feels aspirational yet familiar.

Experience remains central to ROARls offering. From soothing morning coffees and relaxed daytime conversations to evening beers, celebratory dinners and curated bespoke events, the venue has been designed to adapt fluidly to different moods and moments across the day.

An avid traveller who has explored over 39 countries, Mayankls global exposure is evident in ROARls programming and attention to detail. His passion for hosting and his enduring bond with Udaipur continue to drive the vision behind the space.

Reflecting on the night, DJ Aerreo shared on social media, “14.5 hours of travel made it to Udaipur and what a night it turned out to be! Udaipur, you won my heart. Every minute was worth it.” By hosting an international artist so soon after its opening, ROAR has clearly signalled its intent — to evolve as a cultural hub that brings world-class music, food and experiences to Udaipur. DJ Aerreols debut performance not only set the tone for ROARls future programming but also marked a significant step in the cityls evolving social and cultural landscape.

# Top seeds Lin, Wang into WTT Champions Doha quarters



**Doha.** Men's singles top seed Lin Shidong of China survived a five-game battle to beat Germany's Benedikt Duda, while women's top seed Wang Manyu of China powered into the quarterfinals with a straight-game victory over France's Prithika Pavade at the World Table Tennis Champions Doha.

After losing the first game 11-8, Lin turned it around by winning the next two games 11-6, 11-8, only to see the 12th-ranked German force a decider 11-6 on Friday

World No. 2 Lin didn't let his chance slip away, triumphing 11-6 to secure his last-eight spot.

"It was a tough battle. I had prepared for the difficulties, and had a good mindset throughout the match," Lin said.

Liang Jingkun won an all-Chinese duel 11-7, 11-3, 11-7 against Chen Yuanyu, setting up a quarterfinal clash with Lin, while another Chinese paddler Zhou Qihao fell in four games to Japan's Tomokazu Harimoto.

On the women's side, Wang met little challenge from Pavade on the way to an 11-4, 12-10, 11-6 win.

"Despite the 3-0 scoreline, I didn't play quite well on some shots down the stretch, including losing consecutive points when I led 7-3 in the second game, which I need to avoid in the future matches," Wang noted.

Her teammates Kuai Man, Chen Xingtong and Wang Yidi also moved through, while Chen Yi became the only victim of the Chinese women's team as she conceded a two-game lead before

losing to German veteran Han Ying, 4-11, 9-11, 11-7, 11-2, 11-5. The men's and women's quarterfinals are scheduled on Saturday, with both semifinals and finals to be held on Sunday.

# Khelo India Beach Games: Karnataka the overall winners, TN 2nd and Manipur 3rd

**Diu.** Karnataka's Ashmita Chandra and Dhrupad Ramakrishna clinched the women's and men's 5km Open Water Swimming gold medals to help the state top the medal standing in the Khelo India Beach Games 2026 at the Ghoghla Beach here on Saturday.

The Khelo India Beach Games 2026, organised by the union Territory of Dadra and Nagar Haveli and Daman & Diu, was held under the technical supervision of the Sports Authority of India and national sports federations.

The second edition of Khelo India Beach Games witnessed over 1100 participants compete in eight different sports -- volleyball, soccer, sepaktakraw, kabaddi, pencak silat, Open water swimming, mallakhamb and tug-of-war. The first six were medal sports and 32 gold medals were decided. Thirty states and union territories took part.

With the top three states- Karnataka, Tamil Nadu and Manipur- claiming three gold and two silver medals each, the overall standings of Khelo India Beach Games 2026 were decided by the number of bronze medals won the by the respective teams.

Karnataka topped the standings with three gold, all from Open Water swimming, two silver and six bronze to win the overall crown in the second edition of KIBG. Tamil Nadu finished second with three gold, two silver and three bronze while last edition winners, Manipur finished third with three gold, two silver and two bronze.

# विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण भारत को स्थायी आजीविका देगा: मंत्री असीम अरुण

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** कृषि पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण रोजगार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु केवल राहत आधारित योजनाएँ न तो स्थायित्व ला सकती हैं और न ही दीर्घकालिक उत्पादकता सुनिश्चित कर सकती हैं। इसी दृष्टिकोण के साथ केंद्र की एन.डी.ए. सरकार ने MGNREGA के स्थान पर विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 (VB-G RAM-G) लागू कर ग्रामीण रोजगार को नई दिशा प्रदान की है।

यह विचार प्रदेश समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर गाजियाबाद द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, पटेल नगर (नया बस अड्डा के निकट) आयोजित प्रेस वार्ता में व्यक्त किए।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि,

'यू.पी.ए. सरकार के समय MGNREGA एक राहत आधारित मॉडल बनकर रह गया था, जो भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब कार्ड, कमजोर निगरानी व्यवस्था और अल्पकालिक परिसंपत्तियों से ग्रस्त था।

इसके विपरीत विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार को कौशल विकास, स्थायी परिसंपत्ति निर्माण और स्थानीय उद्यमिता से जोड़ते हुए विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को साकार करेगा।'

उन्होंने जानकारी दी कि नए अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है, जबकि वन क्षेत्रों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन अतिरिक्त रोजगार प्रदान किया जाएगा।

मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा तथा GPS एवं अक आधारित निगरानी प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

'VB-G RAM-G विकसित भारत जी राम जी अधिनियम राहत केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और आत्मनिर्भरता पर आधारित है। इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चरणबद्ध जनसंपर्क एवं संगठनात्मक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।'

उन्होंने आगे बताया कि पार्टी द्वारा 8 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत– प्रदेश एवं जिला स्तर पर पत्रकार वार्ताएँ, प्रदेश एवं जिला कार्यशालाएँ, जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर सम्मेलन, किसान-श्रमिक चौपालें, 15 फरवरी से 28 फरवरी तक विशेष संपर्क अभियान, Op-Eds, लेख, ब्लॉग, दीवार लेखन, होर्डिंग तथा पार्टी नेतृत्व, जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से सोशल मीडिया अभियान चलाया जाएगा।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम की विशेषताओं, लाभों एवं दीर्घकालिक प्रभावों को किसानों, श्रमिकों एवं ग्रामीण समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाया जाएगा।

kMGNREGA के अंतर्गत लगभग पूर्ण केंद्रीय फंडिंग के कारण राज्यों की जवाबदेही कमजोर रही, जबकि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में 60:40 के केंद्र-राज्य सहभागिता अनुपात से उत्तरदायित्व और पारदर्शिता दोनों सुदृढ़ होंगी।' उन्होंने कहा कि डिजिटल उपस्थिति, रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग और अनिवार्य सामाजिक ऑडिट के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाएगा।

यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय अवसंरचना प्राथमिकताओं से जोड़ते हुए हाइपर-लोकल प्लानिंग को बढ़ावा देगा।

## गाजियाबाद को स्वच्छ, सुन्दर और जाममुक्त बनाने की दिशा में अधिकारी दिखायें तत्परता: जिलाधिकारी



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में जनपद के सौन्दर्यकरण एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद को स्वच्छ, सुन्दर एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से गड्ढ़ामुक्त सड़कें, सड़कों की नियमित साफ-सफाई, डेंटिंग-पेंटिंग, डिवाइडरों व नालों की मरम्मत एवं सफाई, ग्रीन बैल्ट का सौन्दर्यकरण, फुटपाथों की मरम्मत, जलभराव की समस्या से निस्तारण, वृक्षों की कटाई-छंटाई, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विद्युत विभाग से संबंधित लटके व बेकार तारों को दुरुस्त कराने जैसे कार्यों को प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए।

इस संबंध में जीडीए द्वारा हापुड़ तिराहा (ठाकुरद्वारा तिराहा), हापुड़ रोड, मधुबन बापूधाम जंक्शन, गोविंदपुरम जंक्शन, हिंडन चौराहा राजनगर, सेठ मुकुन्दलाल चौराहा, नवयुग मार्केट, शास्त्रीनगर चौराहा, अजनारा चौराहा राजनगर एक्सटेंशन एवं रिवर हाइट्स चौराहा राजनगर एक्सटेंशन को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम गाजियाबाद एवं नगर पालिकाओं द्वारा भी प्रमुख स्थलों को चिन्हित किए जाने की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना तभी संभव है जब सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में जनपद को जाममुक्त बनाने के उद्देश्य से यातायात विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जाम स्थलों की सूची पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यातायात विभाग द्वारा लालकुआँ, चौधरी मोड़, नया बस अड्डा, शिप्रा मॉल से एनएच-09 रोड इंदिरापुरम, भारत पेट्रोल पंप इंदिरापुरम, शुक्र बाजार चौक, भोपुरा यू-टर्न, लोनी तिराहा, डासना अंडरपास वेवसिटी, दुहाई गांव कट मुरादनगर, घूकना मोड़, फार्च्यून कट राजनगर, अजनारा कट राजनगर एवं रिवर हाइट्स गोल चक्कर राजनगर एक्सटेंशन सहित 14 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इन स्थलों पर सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने, चौड़ीकरण, डिवाइडर व फुटओवर ब्रिज निर्माण, कट बंद करने तथा रोड इंजीनियरिंग में आवश्यक परिवर्तन किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने एनएचआईए, पीडब्लूडी, जीडीए, नगर निगम, यातायात विभाग सहित सभी संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि चिन्हित प्रत्येक स्थल पर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। यदि किसी स्तर पर जिलाधिकारी की आवश्यकता हो तो तत्काल अवगत कराया जाए।



# गृह कर वृद्धि के विरुद्ध गाजियाबाद कॉलोब्रशन चलायेगा हस्ताक्षर अभियान

## 31 जनवरी को जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी को भेजा जाएगा

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एक साथ हुई 300% गृह वृद्धि के खिलाफ गाजियाबाद कॉलोब्रशन ने हस्ताक्षर अभियान चलाने की घोषणा की है। जिसकी शुरूआत रविवार, दिनांक:11-01-2026 को इंद्रापुरम की जयपुरिया सनरायज ग्रीन वह शिप्रा सन सिटी सोसायटी से की जायेगी ' कॉलोब्रशन से जुडी शिवानी जैन ने बताया की नगर निगम की बोर्ड बैठक जिसमें की गाजियाबाद के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे, में एक मत से गृह कर वृद्धि को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी नगर निगम बार बार मैसेज भेजकर बढ़ी हुई ग्रहकर को जमा कराने का दबाव बना रहा है' क्लैबेशन से जुड़े एडवोकेट शशि शेखर, एडवोकेट झा और खेमराज ने बताया गाजियाबाद के कुछ सामाजिक कार्यकर्ता वृद्धि के खिलाफ कोर्ट गए हुए है जहाँ सुनवाई जारी है' इसके बाद भी निगम की हटधर्मिता गाजियाबाद के नागरिकों पर भारी पड़ रही है। जनता पर कर जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है ।जमा न करने पर विरोध स्वरूप कार्यवाही




की चर्चा समय-समय पर होती है। कैलेबरेशन से जुड़े रोहित गुप्ता, जय दीक्षित और सौरभ जैन तथा अरविंद कुमार ने बताया जनप्रतिनिधियों के लाख प्रयास के बाद भी जनता को राहत नही मिल पा रही है ऐसे में अब जनता ने स्वयं ही इस लड़ाई को लड़ने का मन बनाया है' जिसके प्रथम चरण में गाजियाबाद की सोसायटियों में गृह कर वृद्धि के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिला अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को भेजकर गृह कर वृद्धि समाप्त करने व सभी वार्डो में ग्रहकर लगाने की मांग की जाएगी।

# आरटीई दाखिले में बड़ा बदलाव, अब अभिभावक के आधार से होगा प्रवेश

## आईपीए ने सीडीओ व बीएसए के जागरूकता अभियान की सराहना की

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत कक्षा-1 व पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार अब छात्र के बजाय माता या पिता (अभिभावक) का आधार नंबर आवेदन में दर्ज करना अनिवार्य होगा। इससे प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं त्रुटिरहित बनाने में मदद मिलेगी।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी तथा शिक्षा विभाग द्वारा 20 से 25 जनवरी के बीच विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। सरकार के आदेशानुसार अभिभावक को आधार से लिंक बैंक खाते का विवरण भी प्रदान करना होगा ताकि वित्तीय सहायता सीधे खाते में हस्तांतरित की जा सके।




आरटीई के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्र को किताबें, यूनिफॉर्म एवं अभ्यास पुस्तिकाएं खरीदने हेतु ₹5500 की सहायता राशि दी जाएगी। यह भुगतान सीधे डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की है।

संगठन को उम्मीद है कि इस वर्ष आरटीई दाखिला प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी, सरल और निष्पक्ष रहेगी तथा पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित होगा।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**गाजियाबाद (टीबीसी)।** समग्र शिक्षा माध्यमिक, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश के अनुपालन मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गाज़ियाबाद में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी विषय के शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 06 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक संचालित हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा शिक्षण की नवीन पद्धतियों, भाषा कौशल विकास, मूल्यांकन की आधुनिक विधियों तथा कक्षा-कक्ष में शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा पठन कौशल, लेखन कौशल, संप्रेषण कौशल, शिक्षण योजना, भाषा मूल्यांकन एवं शिक्षण तकनीक आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से अंग्रेजी विषय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक तथा कक्षा शिक्षण में सीधे लागू करने योग्य बताया।

कार्यक्रम का संचालन डायट प्राचार्य/प्रशिक्षक मण्डल द्वारा किया गया। समापन सत्र में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा प्रशिक्षण में सक्रिय सहयोग हेतु प्रशिक्षकों एवं आयोजन दल की सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी विषय के परिणामों एवं भाषा दक्षता में गुणात्मक सुधार लाना है।

# युवक का मोबाइल फोन छीनकर ले गया बाइक सवार बदमाश

**गाजियाबाद।** लिंकरोड थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात के दौरान पीड़ित पास ही स्थित मार्केट से अपने घर जा रहा था। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी है। लिंक रोड थानाक्षेत्र के रामप्रस्था निवासी आदित्य आनंद का कहना है कि बीती चार जनवरी को देर रात वह सिटी सेंटर मार्केट से अपनी कालोनी में जा रहा था। जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंचा तो वहां एक बाइक सवार बदमाश पहुंचा और उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसने बदमाश का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाश की तलाश की जा रही है।



# जीडीए ने 66 बीघा में विकसित हो रही अवैध कालोनियों पर चलाया बुलडोजर



**टीबीसी संवाददाता**

**गाज़ियाबाद/मोदीनगर।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने उपाध्यक्ष के निर्देश पर बुधवार को प्रवर्तन जोन-02 मोदीनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 66 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया।

प्राधिकरण टीम ने प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ग्राम बसन्तपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई तथा शाहपुर निज मोरटा में बिना स्वीकृत मानचित्र के किये जा रहे अवैध विकास कार्यों पर कार्रवाई की।

खसरा संख्या-20 (ग्राम बसन्तपुर सैंतली) में लगभग 20,000 वर्ग मीटर, खसरा संख्या-629, 630, 631 व 632 (शाहपुर निज मोरटा) में करीब 26,000 वर्ग मीटर, खसरा संख्या-622 (शाहपुर निज मोरटा) में लगभग 10,000 वर्ग मीटर तथा खसरा संख्या-486 (शाहपुर निज मोरटा) में करीब 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में कालोनाइजर द्वारा सड़क, बाउंड्रीवॉल, साईट ऑफिस निर्माण, मिट्टी भराई व ईंट-चिनाई का कार्य किया जा रहा था।

अवैध निर्माण पर प्राधिकरण दल ने कार्रवाई करते हुए सड़क, बाउंड्रीवॉल और साईट ऑफिस सहित तमाम निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकताओं/निर्माणकताओं ने विरोध भी किया, जिसे प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय पुलिस ने नियंत्रित किया।

अधिकारियों ने मौके पर स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, प्राधिकरण पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

# सभी के साथ हो सम्मान व प्रेमपूर्वक व्यवहार, सभी को मिलें न्याय: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वार जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें। जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति शंकर लाल निवासी काशीराम प्रताप विहार रोजगार हेतु खोखा लगाने हेतु जिलाधिकारी से कुछ दिन पूर्व मदद गुहार लगायी थी जिससे कि वह स्वावलम्बी बन सके, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उसकी मदद की गयी। आज दिव्यांग व्यक्ति द्वारा जिलाधिकारी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद व्यक्ति किया और आगे उसे कोई परेशानी ना हो इसके लिए जिलाधिकारी से निवेदन किया। जिलाधिकारी ने उसे एक पत्र जारी करवाने हेतु स्टाप को निर्देशित किया और अपना नम्बर देते हुए समस्या होने पर सम्पर्क करने के लिए कहा। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शीत लहर के दौरान रखें स्वास्थ्य का ध्यान: सौरभ भट्ट

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में शीतलहरी के दृष्टिगत क्या करें, क्या न करें के सम्बंध में दिशा-निर्देश वर्तमान समय में जनपद में शीतलहर/ठण्ड का प्रकोप अत्यधिक बढ़ गया है जिसके दृष्टिगत उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बचाव के लिए जनपदवासियों हेतु निम्नवत दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी किये जातें है कि लम्बे समय तक ठण्ड के सम्पर्क में रहने से बचें। शरीर को सूखा रखें एवं गर्म कपडों से ढककर रखें।

शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते समय थोडी खिडकी खोलकर रखें और सोने से पहले इस सभी को बन्द कर दें। ठण्ड के समय पलू, नाक बहना जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है जो आमतौर पर ठण्ड के लम्बे समय तक सम्पर्क में रहने के कारण होती है।

ऐसे लक्षणों के होने पर डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। शीतलहर के समय बच्चें, बुजुर्ग, नवजात शिशु तथा बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। शीतलहरी के समय अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि संभव हो तो यात्रा करने से बचें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक शक्ति और शरीर के तापमान का संतुलन बनाये रखने के लिए स्वस्थ भोजन, विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। शीतदंश (यथा शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर) जैसी विभिन्न बीमारियों के लक्षण होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। पीने के लिए तथा अन्य उपयोग के लिए ठण्डे पानी के स्थान पर गुनगुने पानी का प्रयोग करें।

ठण्ड के दौरान प्यास कम लगती है, लेकिन शरीर को हाईड्रेट रखना उतना ही जरूरी है। अतः गुनगुने पानी का सेवन करते रहें तथा शरीर को पर्याप्त हाईड्रेट रखें। शीतलहर से बचाव हेतु सिर, कान, हाथ तथा पैरों को अच्छी तरह दबा कर रखें तथा पर्याप्त लेयरिंग (परतो) में कपडे पहने। सुबह-शाम अधिक ठण्ड होती है अतः सुबह-शाम अधिक ठण्ड के समय बाहर निकलने से बचें। बहुत आवश्यक हो तभी बाहर निकलें तथा पर्याप्त गर्म कपडे पहनकर निकलें। शीतलहर के दौरान घर के अन्दर ही नियमित व्यायाम / योग करते रहें जिससे शरीर पर्याप्त रूप से संचालित रहे।

## युवक का मोबाइल फोन छीनकर ले गया बाइक सवार बदमाश

**गाजियाबाद।** लिंकरोड थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात के दौरान पीड़ित पास ही स्थित मार्केट से अपने घर जा रहा था। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी है। लिंक रोड थानाक्षेत्र के रामप्रस्था निवासी आदित्य आनंद का कहना है कि बीती चार जनवरी को देर रात वह सिटी सेंटर मार्केट से अपनी कालोनी में जा रहा था। जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंचा तो वहां एक बाइक सवार बदमाश पहुंचा और उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसने बदमाश का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाश की तलाश की जा रही है।



# हंसी, डर और रिश्तों का संतुलित मेल है 'द राजा साहब'

फिल्मः द राजा साहब
रेटिंगः (3.5/5)
निर्देशकः मारुति
निमार्ताः पीपल मीडिया फैक्ट्री
भाषाः तेलुगु (पैन इंडिया रिलीज झ हिंदी सहित)
शैलीः रोमांटिक हॉरर कॉमेडी
कलाकारः प्रभास, संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी



तेलुगु सिनेमा की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म द राजा साहब आखिरकार दर्शकों के सामने है। मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म हॉरर, कॉमेडी और इमोशन का ऐसा कॉकटेल है, जिसे खासतौर पर फैमिली ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

यह फिल्म प्रभास के करियर की पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, और यही वजह है कि उनके फैंस में इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

फिल्म की कहानी एक ऐसे युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उसकी दादी ने बड़े प्यार से पाला-पोसा है। बड़े होने पर जब उसे यह पता चलता है कि उसके दादा अभी ज़िंदा हैं, तो वह उन्हें खोजने निकल पड़ता है। यहीं से कहानी रहस्य, डर और हास्य के रास्ते पर आगे बढ़ती है।

दादा के किरदार को लेकर फिल्म में कई तरह की भ्रांतियां और रहस्य बुने गए हैं। जैसे-जैसे नायक दादा के करीब पहुंचता है, वैसे-वैसे एक-एक कर सारे राज सामने आते जाते हैं। दादा की भूमिका में संजय दत्त प्रभाव छोड़ते हैं। उनका व्यक्तित्व, संवाद अदायगी और स्क्रीन प्रेजेंस कहानी को मजबूती देता है।

प्रभास अपने किरदार में पूरी ईमानदारी के साथ नजर आते हैं। एक्शन और गंभीर भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले प्रभास यहां हल्के-फुल्के अंदाज, कॉमिक टाइमिंग और भावनात्मक दृश्यों में संतुलन बनाते दिखाई देते हैं। उनकी यह नई छवि दर्शकों को पसंद आ सकती है।

फिल्म का VFX इस का बड़ा प्लस पॉइंट है। कई दृश्य ऐसे हैं जो बच्चों और युवा दर्शकों को रोमांचित करते हैं। डरावने सीन डराते भी हैं, लेकिन फैमिली एंटरटेनमेंट की सीमा में रहते हुए।

निधि अग्रवाल और मालविका मोहनन दोनों ही अपनी भूमिकाओं में जंचती हैं और कहानी को आगे बढ़ाने में सहयोग करती हैं। बोमन ईरानी अपने सीमित लेकिन प्रभावशाली रोल से फिल्म को मजबूती देते हैं।

कुल मिलाकर द राजा साहब एक ऐसी फिल्म है जिसमें हंसी है, थ्रिल है, रहस्य है और भावनाएं हैं। यह फिल्म उन दर्शकों के लिए खास है जो परिवार और बच्चों के साथ सिनेमाघर जाकर हल्का-फुल्का, साफ-सुथरा मनोरंजन देखना चाहते हैं।

## 11 प्रॉपर्टियों की नीलामी से भरी जीडीए की तिजोरी, पहली नीलामी से 193.82 करोड़ की आय



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने वर्ष की पहली नीलामी में 11 प्रॉपर्टियों की बिक्री कर लगभग 193.82 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। प्राधिकरण द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 8 दिसंबर 2025 को लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन सभागार में आवासीय एवं वाणिज्यिक भूखण्डों की नीलामी आयोजित की गई। उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में संपन्न हुई नीलामी में बोलीदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुल मिली आय में सर्वाधिक योगदान मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना से आया, जहां ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के आठ भूखंड लगभग 173.86 करोड़ रुपये में बिके। इनमें पॉकेट-ए के 2382.30 वर्गमीटर के तीन भूखंडों का रिजर्व प्राइस 52,500 रुपये प्रति वर्गमीटर था, जो बढ़कर 66,500, 67,100 व 67,300 रुपये प्रति वर्गमीटर तक पहुंचा। इन्हें कुल 47.86 करोड़ रुपये में नीलाम किया गया। इसी पॉकेट में 8875 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाला एक भूखंड रिजर्व प्राइस 52,500 रुपये से बढ़कर 53,200 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से 47.21 करोड़ रुपये में और 8355 वर्गमीटर का भूखंड 52,500 रुपये से बढ़कर 53,000 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से 44.24 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ। इसके अलावा कन्वीनियंट शॉपिंग व कमर्शियल श्रेणी में भी 71.43 लाख से लेकर 10.78 करोड़ रुपये तक की बोलियों में भूखंड बिके। इंदिरापुरम विस्तार योजना के बी-ब्लॉक में 260 वर्गमीटर का कमर्शियल भूखंड 11.50 करोड़ रुपये में तथा 135 वर्गमीटर का भूखंड 23.33 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ। शास्त्रीनगर योजना में प्रस्तावित हॉकी स्टेडियम भूखंड पर सर्वाधिक प्रतिस्पर्धात्मक बोली देखने को मिली, जो रिजर्व प्राइस 3,99,300 रुपये से बढ़कर 8,99,000 रुपये तक पहुंच गई। प्राधिकरण के अनुसार इस वर्ष की पहली ही नीलामी में अपेक्षा से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। रिक्त भूखंड व फ्लैटों की बिक्री पर जोर देने की रणनीति से आगामी नीलामियों में भी बेहतर आय की संभावना जताई जा रही है।

## दिल्ली में 'वन टू चा चा चा' का प्रेस कॉन्फ्रेंस, कॉमेडी से भरपूर फिल्म 16 जनवरी को होगी रिलीज

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के फिल्म डिवीजन ऑडिटोरियम में आने वाली कॉमेडी फिल्म 'वन टू चा चा चा' का भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस मौके पर फिल्म की पूरी स्टार कास्ट और मेकर्स मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प किस्से और अनुभव साझा किए गए।




फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आशुतोष राणा 'चाचा' के किरदार में नजर आएंगे, जबकि उनके तीन भतीजों की भूमिकाएं हर्ष मायर, अनंत वी जोशी और ललित प्रभाकर ने निभाई हैं। फिल्म की हीरोइन के रूप में नायरा बनर्जी दर्शकों का मनोरंजन करती नजर आएंगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आशुतोष राणा ने बताया कि 'वन टू चा चा चा' एक शुद्ध कॉमेडी फिल्म है, जिसकी शूटिंग के दौरान भी सेट पर हमेशा खुशनुमा माहौल बना रहता था। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक चाचा और उसके तीन शरारती भतीजों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी हरकतें लगातार कॉमेडी का माहौल रचती हैं।

फिल्म के नाम को लेकर निर्देशक अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर ने बताया कि शूटिंग के दौरान आशुतोष राणा और तीनों कलाकारों के कारण सेट पर 'चाचा-चाचा' इतना गूंजने लगा कि एक्शन के समय मजाक में 'वन टू चाचा' बोला जाने लगा। यहीं से फिल्म के नाम का आइडिया आया और अंततः फिल्म का नाम 'वन टू चा चा चा' तय किया गया।

नायरा बनर्जी ने बताया कि वह इस फिल्म से सबसे आखिर में जुड़ीं। उन्होंने मोबाइल पर ही ऑडिशन दिया और अगले ही दिन से टीम का हिस्सा बन गईं। उनके अनुसार यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। वहीं हर्ष मायर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि फिल्म में इतनी कॉमेडी है कि शूटिंग के दौरान कोई अपनी सीट छोड़कर जाता ही नहीं था, सभी एक-दूसरे के सीन देखकर हंसते रहते थे।

अनंत वी जोशी ने कहा कि आशुतोष राणा जैसे सीनियर कलाकार के साथ काम करके उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा। ललित प्रभाकर ने बताया कि शूटिंग के दौरान सभी के बीच इतनी अच्छी बॉन्डिंग बन गई थी कि उन्हें कभी महसूस ही नहीं हुआ कि वे अभिनय कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगता था जैसे वे सच में अपने चाचा के साथ शरारतें कर रहे हों।

पेलुसिडर प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मेकर्स के अनुसार ह्लबड़े पर्दे पर पागलपन और खुशी का उत्सवह्व है। नए साल की सबसे मजेदार और मनोरंजक फिल्मों में शामिल 'वन टू चा चा चा' इस त्योहारी मौसम में दर्शकों को हंसी और मनोरंजन का जबरदस्त डोज देने के लिए तैयार है।

कॉमेडी और अराजकता से भरे इस सफर का आनंद दर्शक 16 जनवरी से सिनेमाघरों में उठा सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें, नन्हें स्केटर्स को किया सम्मानित

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनता दर्शन के दौरान प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।
जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।



जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें।

जनता दर्शन के दौरान एक व्यक्ति अनुराग सिंह, निवासी क्रासिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद ने कहा कि उनके द्वारा पिरामल फाईनेंस से होम लोनलिया गया था, जिसमें वे काफी पैसा जमा कर चुके हैं, बावजूद इसके फाईनेंस वाले नोटिस भेज रहे है और कह रहे हैं कि 10 जनवरी 2026 को वे मकान पर कब्जा लें लेंगे।

उन्होने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि उनका कब्जा रूकवाने हेतु उनकी सहायता करने का कष्ट करें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित से वार्ता कर 10 जनवरी 2026 को होने वाले कब्जा रूकवाते हुए अनुराग सिंह को शीघ्र ही बकाया धनराशि जमा कराने हेतु कहा। अनुराग सिंह ने जिलाधिकारी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

जनता दर्शन के दौरान नन्हे स्केटर्स नंदिनी एवं युग पुत्री मुकिया मोहित गुर्जर द्वारा गाजियाबाद से अयोध्या तक की ऐतिहासिक स्केटिंग यात्रा को इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

इस उपलब्धि के अंतर्गत अयोध्या में आयोजित कथा कार्यक्रम स्थल पर नन्हे स्केटर्स को इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद आगमन पर गाजियाबाद के जिला अधिकारी रविंद्र मांदड़ जी ने बच्चों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 'खेलो इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने में ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि उभरते खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और देश का नाम रोशन कर सकें। सम्मान पाकर बच्चों का उत्साह और हौंसला बढ़ा।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम न्यायिक अंजुम बी0, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बना यूपीः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संग अशोक लेलैंड कंपनी के नवीन इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन





**टीबीसी ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया और सिंदुर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। सीएम ने कहा कि यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है।

2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा कि यह अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। पिछले आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है।

यह समारोह प्रदेश के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि इसने खुद को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। दृढ़ निश्चय से लिए गए फैसले, साफ नीयत व स्पष्ट सोच के कारण 'फियरलेस बिजनेस', 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता। यूपी में अब 34 सेक्टरियल पॉलिसी हैं, जिनके माध्यम से निवेशक किसी भी सेक्टर में निवेश करके यूपी की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। सीएम ने प्लांट में निर्मित बस का जिक्र करते हुए बताया कि यह 15 लाख की 17-18 सीटर बस है।

इसके अलावा स्कूल बस, सिटी टू सिटी कनेक्ट की दृष्टि से जो अन्य मैन्युफैक्चरिंग यहां प्रारंभ हुई हैं, यूपी की इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी इसे नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। यूपी सरकार इस प्लांट में प्रतिवर्ष यूपी के 10 हजार युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के साथ जोड़ने का एमओयू हिंदुआ ग्रुप के साथ करने जा रही है। सीएम ने कहा कि युवा इस सेक्टर में भी आगे बढ़ रहे हैं। ईवी सेक्टर नई स्किल, नई तकनीक व नए भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आईटीआई, पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग संस्थान भी इस दिशा में युवाओं को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। देश का सबसे बड़ा श्रम शक्ति रखने वाला उत्तर प्रदेश ट्रस्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन की नई भूमिका के रूप में खुद को स्थापित करेगा। इस अवसर पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि एमडी-सीईओ शेनू अग्रवाल ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता हैः राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

यह यूनिट न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश को भी स्वच्छ, हरित परिवहन और भविष्य की तकनीक के विकास में अग्रणी बनाएगी। साथ ही युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार के साथ ईवी की भविष्य की तकनीक में स्किल डेवलपमेंट प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने वर्ष 2047 में विकसित भारत का जो लक्ष्य तय किया है, उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा। विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर



प्रदेश का जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह लखनऊ की भूमि है, जो सभी को आसानी से अपने हृदय में जगह देती है और पूरा सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, जो गुंडों और अपराधियों के नाम से पहचाना जाता था, आज वहां उद्योग की बड़ी-बड़ी इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहूंगा। उन्होंने जिस तरह से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया है, वह प्रशंसनीय है। आज उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यहां न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय कंपनियां बढ़-चढ़कर निवेश कर रही हैं। जिस तरह से मुख्यमंत्री फॉर्च्यून-500 कंपनियों को उत्तर प्रदेश में लेकर आए हैं, मैं उनकी सराहना करता हूं। डिफेंस निर्माण के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश सेना के लिए गोला-बारूद से लेकर एयरक्राफ्ट और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल का निर्माण कर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस इकाई की स्थापना में जहां 60 महीने लगने थे, वहां आप सभी ने मिलकर रिकॉर्ड 18 महीने में इसे पूरा कर लिया। इसके लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोक लेलैंड और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निःसंदेह प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल भविष्य का परिवहन है और आने वाले समय में पेट्रोलियम आधारित वाहनों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जाएगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में अशोक लेलैंड की यह यूनिट न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को स्वच्छ और हरित परिवहन के साथ भविष्य की तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दिलाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस यूनिट के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं का स्किल डेवलपमेंट भी होगा जिससे प्रदेश के लाखों युवा आने वाले समय में रोजगार और अच्छी आय के लिए तैयार होंगे। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जिस तरह देश में सड़कों का जाल बिछाया है, उसने औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' मुहिम का सकारात्मक परिणाम है। आज भारत जिस गति से आर्थिक तरक्की कर रहा है, वह दिन दूर नहीं जब हम विकसित देशों की कतार में खड़े होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

# 'यूपी दिवस' केवल उत्सव नहीं, प्रदेश की पहचान और सामर्थ्य का वैश्विक मंच बनेगा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सभी राजभवनों और भारतीय दूतावासों में होंगे आयोजन, प्रदेश के माननीय मंत्रीगण करेंगे प्रवासी यूपीवासियों से संवाद

**टीबीसी संवाददाता**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्थापना की स्मृति में आयोजित होने वाला उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष और अधिक व्यापक, भव्य एवं वैश्विक स्वरूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि 24 से 26 जनवरी, 2026 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत राजधानी लखनऊ में मुख्य आयोजन के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, देश के सभी राजभवनों तथा विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में भी यूपी दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

गुरुवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नागरिक आज देश-दुनिया के अनेक हिस्सों में अपनी पहचान बना चुके हैं।

यूपी दिवस ऐसा अवसर बने, जो प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े। इसके लिए सभी राजभवनों में संवाद स्थापित कर आयोजन सुनिश्चित किए जाएं।

इन आयोजनों में प्रदेश सरकार के माननीय मंत्रीगण उपस्थित रहकर प्रवासी यूपीवासियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री ने विदेशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से भी यूपी दिवस आयोजन के लिए संवाद बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यूपी दिवस' केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक चेतना, आर्थिक शक्ति और विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम है। आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित, नवाचारयुक्त और व्यापक जनभागीदारी से युक्त हों।

मुख्यमंत्री ने जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर गायन, नृत्य, वादन और नाट्य प्रतियोगिताओं के आयोजन पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय समारोहों में जिले की विकास यात्रा पर केंद्रित विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जाये।यूपी दिवस के अवसर पर 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान', 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' और 'माटी कला बोर्ड सम्मान' प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर प्रदेश की प्रतिभा और परिश्रम को सम्मान दिया जाएगा।

इसके साथ ही, प्रदेश की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत को जनमानस से जोड़ने के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, सरदार वल्लभभाई पटेल, वंदे मातरम-आनंद मठ और पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर से जुड़े नाट्य मंचनों का आयोजन किया जाएगा। भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा वंदे मातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आनंद मठ आधारित विशेष प्रस्तुति होगी। युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र वंदे मातरम' तथा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस वर्ष आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए 3-डी और फाइबर मॉडल, वर्चुअल रियलिटी, 360 डिग्री टूर, लघु फिल्में, क्विज प्रतियोगिताएं और छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यूपी दिवस' को जनउत्सव का स्वरूप देने के लिए ओपन माइक, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली थियेटर, रंगोली, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, पाक-कला प्रतियोगिता और कला ग्राम जैसे आयोजन होंगे। आगरा, किराना, बनारस, हरिहरपुर, लखनऊ और रामपुर, हरिहरपुर और बदायूं जैसे प्रतिष्ठित संगीत घरानों की विशेष प्रस्तुतियां भी होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी दिवस-2026 प्रदेश की पहचान, आत्मगौरव और विकास यात्रा का प्रभावशाली प्रतीक बने। सभी कार्यक्रम समयबद्ध, समन्वित और उच्च गुणवत्ता के हों, ताकि यह आयोजन स्मरणीय और प्रेरणादायी जनउत्सव के रूप में स्थापित हो सके।

# पीएचसी साहिबाबाद में रोटरी क्लब गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल व आरएचएएम फाउंडेशन ने किया पोषण आहार वितरित

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब इन्दिरापुरम परिवार और आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) के संयुक्त तत्वावधान में पीएचसी सेंटर साहिबाबाद में मातृ स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण एवं टीबी जागरूकता को लेकर पोषण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन सप्लीमेंट, जूस तथा विभिन्न पोषक आहार सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाव के लिए नियमित जांच और उचित पोषण को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) के फाउण्डर धीरज भार्गव ने बताया कि टीबी के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की जानकारी भी दी गई तथा निःशुल्क सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, स्वच्छता और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर प्रतीक भार्गव, विक्रम सिंह, संजय शर्मा सहित पीएचसी का चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद व दिल्ली-एनसीआर के कई रोटरी क्लबों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों ने गोवंशों को खिलाया चारा



**टीबीसी संवाददाता**







**गाजियाबाद।** सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन ने लीडिंग क्लब रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के सहयोग से एक सराहनीय गौसेवा अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट एवं हापुड़ प्लेटिनम सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

इस सेवा परियोजना के तहत प्रत्येक बुधवार सुबह कनावनी स्थित भारत गौशाला में गोवंश के लिए ताजा हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम इस निरंतर चल रहे सेवा अभियान का एक और सफल चरण रहा। गौरतलब है कि यह गौसेवा अभियान पिछले 9 सप्ताहों से नियमित रूप से संचालित हो रहा है और आगे भी इसे लगातार जारी रखने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, सचिव मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष राजेश गोयल, अजय चौधरी, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार के अध्यक्ष सुनील जिंदल, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, प्रतीक भार्गव, कुनिका भार्गव उपस्थित रहे।

यह सामूहिक पहल न केवल गौसेवा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को दशार्ती है, बल्कि आरएचएएम फाउंडेशन और सभी सहभागी रोटरी क्लबों की स्थायी सामुदायिक सेवा, मानवीय मूल्यों और करुणा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का भी प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# सीडीओ अभिनव गोपाल ने डासना देहात-डासना-मसूरी मुख्य मार्गों का निरीक्षण, समन्वय से विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा आज ग्राम पंचायत डासना देहात की नगर निगम सीमा से नगर पंचायत डासना एवं मसूरी को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में सड़क, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं अधोसंरचना से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी-प्रशासन, तहसीलदार सदर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना प्रबंधक, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डासना, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), संबंधित हल्का लेखपाल एवं ग्राम पंचायत सचिव मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया कि ठलअककी भूमि की यथाशीघ्र पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट की जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डासना को सड़क के किनारे स्थित खाली भूमि की तत्काल सफाई कराते हुए उसका समुचित सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निजी आईटीआई वाली मुख्य सड़क पर यातायात सुगमता एवं सौंदर्यीकरण को दृष्टिगत रखते हुए सड़क के एक ओर नगर पंचायत डासना तथा दूसरी ओर ठलअकको इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही नगर पंचायत डासना, जल निगम एवं ठलअक को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क के नीचे क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराते हुए सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। मसूरी ग्राम पंचायत के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में जमा कूड़े का निस्तारण कराते हुए सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाए। साथ ही होटल, ठेले एवं व्यावसायिक गतिविधियों से निर्धारित यूजर चार्ज की वसूली सुनिश्चित करने तथा निश्चित समय पर डस्टबिनों से कूड़ा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डासना को निर्देशित किया गया कि डासना देहात स्थित आरआरसी सेंटर के समीप नगर पंचायत से संबंधित कूड़े का पृथक निस्तारण कराया जाए तथा उक्त निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत को नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि स्वच्छता, यातायात सुगमता एवं सौंदर्यीकरण से आमजन को सीधा लाभ मिलना चाहिए।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.